राज्य और राज्य-क्षेत्र में आगमन की आवश्यकताएँ

अवलोकन

ऑस्ट्रेलिया के प्रत्येक राज्य और राज्य-क्षेत्र की अपनी प्रवेश व्यवस्था और आवश्यकताएँ हैं जिनका आपको पालन करना होगा। **प्रत्येक राज्य और राज्य-क्षेत्र की आवश्यकताएँ भिन्न होती हैं और अल्पकालीन सूचना पर बदल सकती हैं।**

आपको जाँच कर लेनी चाहिए कि आप जिन राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की यात्रा की योजना बना रहे/रही हैं उनमें आप प्रवेश कर सकते/सकती हैं या नहीं। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए कुछ राज्यों और राज्य-क्षेत्रों को अतिरिक्त अपवाद की आवश्यकता होती है।

आपको शायद प्रवेश करने की अनुमति नहीं हो, या शायद संगरोध में प्रवेश करना पड़े। आपके लिए जो यात्रा प्रतिबंध और आवश्यकताएँ लागू होती हैं, उनका पालन करने के लिए आप स्वयं जिम्मेदार हैं। यदि आप अनुपालन नहीं करते/करती हैं, तो आप पर कारावास में समय बिताने और बड़े जुर्मानों सहित गंभीर दंड लगाए जा सकते हैं।

विशेष रूप से, आपको किसी भी राज्य या राज्य-क्षेत्र की निम्नलिखित से संबंधित आवश्यकताओं पर ध्यान देना चाहिए:

- सीमा प्रवेश पंजीकरण फॉर्म
- संगरोध (क्वारंटाइन)
- आपके आगमन के पश्चात परिक्षण की आवश्यकताएँ
- घरेलू टीकाकरण आवश्यकताएँ।

आपको शायद कुछ राज्यों और राज्य-क्षेत्रों के लिए एकाधिक प्रवेश या पंजीकरण फॉर्म भरने की आवश्यकता पड़ सकती है।

बच्चे

पूरी तरह से टीकाकृत परिवार के वयस्क सदस्यों के साथ यात्रा करते हुए 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चे टीकाकृत यात्री के व्यवस्था के तहत यात्रा कर सकते हैं। 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यात्रा प्रयोजनों के लिए पूरी तरह से टीकाकृत माना जाता है।

कुछ राज्य या राज्य-क्षेत्र 12-17 वर्ष की आयु के गैर-टीकाकृत या आंशिक रूप से टीकाकृत बच्चों को पूरी तरह से टीकाकृत वयस्क के साथ यात्रा करने की अनुमति देते हैं।

यदि कोई बच्चा गैर-टीकाकृत परिवार के वयस्क सदस्यों के साथ यात्रा कर रहा है, तो पूरा परिवार समूह आगंता यात्री कैप के अंतर्गत हो सकता है और उन्हें राज्य और राज्य-क्षेत्र की आगमन आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए। आपको संगरोध में प्रवेश करने की आवश्यकता हो सकती है। आपको इसकी, तथा उन सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की किसी भी अन्य आवश्यकता की जाँच करनी चाहिए, जहाँ से होकर आप पारगमन करेंगे/करेंगी और जहाँ की आप यात्रा करेंगे/करेंगी।

आगंता यात्री कैप के बारे में अधिक जानकारी के लिए, अवसंरचना, परिवहन, क्षेत्रीय विकास और संचार विभाग का COVID-19 और यात्री देखें।

सीमा प्रवेश पंजीकरण फ़ॉर्म

कुछ राज्य और राज्य-क्षेत्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को आगमन से पूर्व अतिरिक्त फ़ॉर्म और दस्तावेज़ पूर्ण करने की आवश्यकता होती है। यह जानकारी आपके आगमन के लिए तैयारी करने और योजना बनाने में राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की सहायता करती है। राज्यों और राज्य-क्षेत्रों के लिए आपके प्रवेश को अधिकृत करना भी आवश्यक हो सकता है।

ध्यान दें कि राज्य और राज्य-क्षेत्र के पंजीकरण फ़ॉर्म **डिजिटल पैसेंजर डिक्लेरेशन (DPD)** के अतिरिक्त हैं। ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के बाद आप जिन राज्यों या राज्य-क्षेत्रों की यात्रा करते/करती हैं (घरेलू यात्रा), उनके लिए आपको अतिरिक्त प्रवेश या पंजीकरण फ़ॉर्म भरने की आवश्यकता भी हो सकती है।

संगरोध (क्वारंटाइन)

संगरोध आवश्यकताओं का निर्धारण और प्रबंधन करने के लिए राज्य और राज्य-क्षेत्र जिम्मेदार हैं। आपको अपने आगमन के राज्य या राज्य-क्षेत्र, और ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के बाद यात्रा किये जाने वाले राज्यों और राज्य-क्षेत्रों (घरेलू यात्रा) की आवश्यकताओं का अनुपालन करना होगा।

अपनी उड़ान बुक करने से पहले, सुनिश्चित करें कि आप सभी संबद्ध राज्य और राज्य-क्षेत्र संगरोध (क्वारंटाइन) आवश्यकताओं की जांच करते/करती हैं।

विदेशों से ऑस्ट्रेलिया आने वाले पूरी तरह से टीकाकृत यात्री संशोधित या छोटी संगरोध व्यवस्था में प्रवेश करने में सक्षम हो सकते हैं। संगरोध (क्वारंटाइन) आवश्यकताएँ अल्पकालीन सूचना पर बदल सकती हैं।

यदि कोई बच्चा गैर-टीकाकृत परिवार के वयस्क सदस्यों के साथ यात्रा कर रहा है, तो पूरा परिवार समूह ऑस्ट्रेलिया में आगमन के राज्य या राज्य-क्षेत्र के संगरोध (क्वारंटाइन) और यात्री कैप के अधीन होगा।

ध्यान दें कि कुछ राज्यों और राज्य-क्षेत्रों में, ऑस्ट्रेलिया लौटने वाले 12 से 17 वर्ष की आयु के गैर-टीकाकृत या आंशिक रूप से टीकाकृत बच्चे आगमन के पश्चात 7 दिनों तक स्कूल जाने में सक्षम नहीं होंगे। वे अपने आगमन के पश्चात 14 दिनों तक चाइल्डकेयर, वृद्ध देखभाल आवासीय सुविधाओं, विकलांगता देखभाल सुविधाओं या अस्पतालों जैसी जगहों का भ्रमण करने में भी सक्षम नहीं होंगे। आपातकालीन चिकित्सीय देखभाल के लिए अपवाद लागू होते हैं। राज्य और राज्य-क्षेत्र संगरोध आवश्यकताओं की जाँच करें।

आगमन के पश्चात COVID-19 परीक्षण आवश्यकताएँ

अधिकांश राज्यों और राज्य-क्षेत्रों में आगमन के तुरंत बाद आपको COVID-19 परीक्षण करने की आवश्यकता होती है।

आपको उन सभी राज्यों और क्षेत्रों के लिए परीक्षण आवश्यकताओं की जांच करनी चाहिए जहां आप आगमन करेंगे/करेंगी, पारगमन करेंगे/करेंगी और जहाँ की आप यात्रा करेंगे/करेंगी।

ध्यान दें कि आगमन के बाद आपकी परीक्षण आवश्यकताएँ ऑस्ट्रेलिया के लिए आपकी उड़ान के प्रस्थान से पहले एक नकारात्मक COVID-19 परीक्षण प्रदान करने की आवश्यकता के **अतिरिक्त हैं**।

घरेलू टीकाकरण आवश्यकताएँ

कुछ स्थानों और सेवाओं (उदाहरण के लिए, रेस्तरां, गैर-आवश्यक खुदरा स्टोर, मूवी थिएटर, मनोरंजन पार्क में प्रवेश करने या शादियों और अंतिम संस्कार में भाग लेने) तक पहुँच प्राप्त करने के लिए कुछ राज्यों और राज्य-क्षेत्रों में आपको अपने COVID-19 टीकाकरण के साथ 'अप-टू-डेट' होने की आवश्यकता हो सकती है।

यहाँ तक कि यदि आप ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के लिए 'पूरी तरह से टीकाकृत' की आवश्यकताओं को पूरा करते भी हैं, तो भी आप घरेलू परिस्थितियों के लिए 'अप-टू-डेट' नहीं भी हो सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया आने वाले अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को उनके टीकाकरण के साथ अप-टू-डेट रखने के लिए ऑस्ट्रेलिया के बूस्टर टीकाकरण कार्यक्रम का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलियाई वीजा धारक समेत हर कोई COVID-19 टीका मुफ्त में प्राप्त कर सकता है।

ऑस्ट्रेलिया में घरेलू पारगमन यात्रा

आपको उन राज्यों और राज्य-क्षेत्रों के लिए संगरोध (क्वारंटाइन) आवश्यकताओं का पालन करना चाहिए जिनसे आप पारगमन करते हैं। अपनी आगे की उड़ान की प्रतीक्षा करते समय आपको होटल में निवास करने की आवश्यकता हो सकती है और आपको अपने निवास का भुगतान स्वयं करना पड़ सकता है।

अतिरिक्त जानकारी

संगरोध (क्वारंटाइन), आपके आगमन के पश्चात COVID परीक्षण, और घरेलू टीकाकरण मानकों सहित राज्य और राज्य-क्षेत्र की आवश्यकताओं के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए, संबद्ध राज्य और राज्य-क्षेत्र संगरोध (क्वारंटाइन) आवश्यकताओं की जाँच करें।